
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

01 नवंबर 2025

Teachers of Bihar
The Change Makers

## आज का सुविचार

खुश रहने का सबसे अच्छा तरीका
वर्तमान में रहना है।

गौतम बुद्ध



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

# Teachers of Bihar

The change makers

# दिवस विशेष

1 नवंबर

## मधु प्रिया

### सात भारतीय राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों का स्थापना दिवस 1 नवम्बर




1 नवंबर को, 7 भारतीय राज्य और 2 केंद्र शासित प्रदेश अपना स्थापना दिवस मनाते है। जिसमें आंध्र प्रदेश , छत्तीसगढ़,हरियाणा, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश और पंजाब राज्यों के अलावा लक्षद्वीप और पुडुचेरी केंद्र शासित प्रदेश शामिल है। सभी का गठन इसी दिन अलग-अलग वर्षों में हुआ था। आंध्र प्रदेश की स्थापना दिवस भारत के दक्षिण-पूर्वी तट पर स्थित राज्य आंध्र प्रदेश का गठन 1 नवंबर 1956 को हुआ था। क्षेत्र के अनुसार यह भारत का सातवां सबसे बड़ा और जनसंख्या की दृष्टि से पांचवा सबसे बड़ा राज्य है। सबसे बड़ा शहर विशाखपट्नम राजधानी है। यह राज्य तेलंगाना, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, तमिलनाडु, ओडिशा राज्यों व बंगाल की खाड़ी से चारों ओर से घिरा हुआ है। साल 2014 में तेलंगाना का आंध्र प्रदेश से विभाजन हो गया। अब आंध्रा राज्य में 13 जिले शामिल हैं। जिनके नाम अनंतपुर, चित्तूर, पूर्वी गोदावरी,गुंटूर, कडपा, कृष्णा, कुरनूल, नेल्लोर, प्रकाशम, श्रीकाकुलम, विशाखापट्टनम, विजयनगरम, पश्चिम गोदावरी हैं। छत्तीसगढ़ की स्थापना दिवस 1 नवंबर, 2000 को मध्य प्रदेश से 16 छत्तीसगढ़ी भाषी ज़िलों को अलग कर छत्तीसगढ़ राज्य का गठन किया गया था। यह 135,190 वर्ग किमी के क्षेत्रफल के साथ भारत का 10वां सबसे बड़ा राज्य है। छत्तीसगढ़ भारत का ऐसा राज्य है जिसे 'महतारी'(मां) का दर्जा दिया गया है। यह भारत में इस्पात और विद्युत शक्ति के उत्पादन के लिए एक महत्त्वपूर्ण केंद्र है, जो भारत में उत्पादित कुल इस्पात का लगभग 15 फीसदी उत्पादन करता है। खास बात यह है कि चावल के उत्पादन के कारण इस राज्य को धान का कटोरा के नाम से भी जाना जाता है। हरियाणा और पंजाब का स्थापना दिवस पंजाब दक्षिण एशिया का क्षेत्र है, जिसका फारसी में मतलब 5 नदियों (झेलम, चेनाब, राबी, व्यास और सतलज) का क्षेत्र है। इसका पुनर्गठन 1 नवंबर 1966 को हुआ था। पंजाब से अलग होकर 1 नवंबर 1966 में हरियाणा राज्य बना। जिसकी राजधानी चंडीगढ़ है। इसकी सीमाएं उत्तर में पंजाब और हिमाचल प्रदेश, दक्षिण एवं पश्चिम में राजस्थान से 1 नवंबर, 1956 को राज्य पुनर्गठन अधिनियम के अधीन किया गया था। पहले यह मैसूर राज्य कहलाता था। 1973 में पुनर्नामकरण कर इसका नाम कर्नाटक कर दिया गया था। इसका कुल क्षेत्रफल 74, 122 वर्ग मील है, जो भारत के कुल भौगोलिक क्षेत्र का 5.83 फीसदी है। केरल का पुनर्गठन 1 नवंबर 1956 को हुआ। इस दिन केरल में केरालाप्पिरवी केरल का जन्मदिन मनाया जाता है। कुछ क्षेत्रों में इसे मलयालम दिवस के नाम से भी जाना जाता है। केरल के जिलों की बात करें तो, इसमें अलपुझा जिला, एर्नाकुलम जिला, इडुक्की, कन्नूर, कासरगोड, कोल्लम, कोट्टायम, कोझिकोड, मलप्पुरम, पालक्काड़, तिरुवनंतपुरम, त्रिशूर, वायनाड शामिल किए गए हैं।

# जयंती विशेष 01 नवंबर

## सादरस्मरण



## प्रभा खेतान

पतझड़
आख़िरी पत्ता भी उड़ा-
हवा के साथ।
सब चले गये
अपना-अपना रंग लिये
एक भटकी चिड़िया
गाती रही
शायद मौसम फिर बदले
शायद संगी-साथी
लौट कर आयें।

*अपरिचित उजाले*

**प्रभा खेतान** *Prabha Khaitan*, जन्म: 1 नवंबर, 1942; मृत्यु: 20 सितंबर, 2009) प्रभा खेतान फाउन्डेशन की संस्थापक अध्यक्षा, नारी विषयक कार्यों में सक्रिय रूप से भागीदार, फिगरेट नामक महिला स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापक, 1966 से 1976 तक चमड़े तथा सिले-सिलाए वस्त्रों की निर्यातक, अपनी कंपनी 'न्यू होराईजन लिमिटेड' की प्रबंध निदेशिका, हिन्दी भाषा की लब्ध प्रतिष्ठित उपन्यासकार, कवयित्री तथा नारीवादी चिंतक तथा समाज सेविका थीं। उन्हें कलकत्ता चैंबर ऑफ़ कॉमर्स की एकमात्र महिला अध्यक्ष होने का गौरव प्राप्त था। वे केन्द्रीय हिन्दी संस्थान की सदस्या थीं।

# Teachers of Bihar
The change makers

## MATH TLM
75 Class-6to8

## लाभ और हानि (profit and loss)

### विशेष सूत्र (special formulae)

**Trick -7**

जब दो वस्तुओं में से प्रत्येक का विक्रय मूल्य समान हो तथा एक को x % लाभ तथा दूसरे को x % हानि पर बेचा जाए तो

प्रतिशत हानि= $\frac{x^2}{100}$ %

जैसे -यदि 2 गायों में से प्रत्येक को ₹500 में बेचा गया हो तथा एक पर 15% लाभ तथा दूसरे पर 15% की हानि हुई हो तो प्रतिशत हानि क्या है?

हलः-प्रतिशत हानि = $\frac{15^2}{100} = \frac{225}{100}$

= 2.25%

Anu Priya, Science Teacher

# मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम

## (सुरक्षित शनिवार)

राकेश कुमार

## माह: November 2025

### प्रथम शनिवार

दिनांक **01.11.2025**

भगदड़ संबधी जोखिम एवं बचाव के संदर्भ में जानकारी ( प्राथमिक उपचार, सी.पी. आर. )



### द्वितीय शनिवार

दिनांक **08.11.2025**


डूबने से बचाव एवं नाव दुर्घटना के संदर्भ में जानकारी



### तृतीय शनिवार

दिनांक **15.11.2025**

भूंकप से खतरे एवं बचाव के बारे में जानकारी ( मॉकड्रिल )




### चतुर्थ शनिवार

दिनांक **22.11.2025**

शीतलहर से खतरे एवं इससे बचाव के उपाय के बारे में जानकारी



**किसी माह पांचवे शनिवार पड़ने की स्थिति में बच्चों को स्वच्छता संबधित जानकारी देंगे एवं उसका अभ्यास करायेंगे।**

## बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण

# TOB खेल कॉर्नर

## ICC टूर्नामेंट में कप्तानी




| रोहित शर्मा | | एमएस धोनी |
|---|---|---|
| 5 | टूर्नामेंट | 11 |
| 2 | चैंपियन | 3 |
| 2 | रनर-अप | 1 |
| 35 | मैच | 63 |
| 29 | जीत | 45 |
| 6 | हार | 14 |
| 0 | टाई | 2 |
| 0 | बेनतीजा | 2 |

Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द **01.11.2025**


## जांच-आधारित शिक्षा

जांच-आधारित शिक्षा एक ऐसा दृष्टिकोण है, जो छात्रों को सवाल पूछने, समस्याओं को सुलझाने और वास्तविक दुनिया की स्थितियों में सक्रिय रूप से शामिल होकर ज्ञान प्राप्त करने के लिए प्रेरित करता है। यह पारंपरिक शिक्षण विधियों से अलग है, जहाँ शिक्षक जानकारी देते हैं और छात्र उसे याद करते हैं। जांच-आधारित शिक्षा में छात्र अपनी सीखने की प्रक्रिया के केंद्र में होते हैं।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



मध्य प्रदेश के रहनेवाले एक प्राइमरी स्कूल टीचर, **विजय कुमार चंसौरिया**, 39 सालों की सेवा के बाद जब रिटायर हुए, तो PF के पूरे **40 लाख रुपये**, गरीब और बेसहारा बच्चों के लिए दान कर दिए। वो **रिक्शा चलाकर** और दूध बेचकर अपनी पढ़ाई पूरी की और **स्कूल टीचर** बने।


पद्य पंकज
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
“
आस्था वह पक्षी है,
जो भोर के अंधेरे में भी
उजाले को महसूस करता है।
रविन्द्र नाथ टैगोर
Madhu priya
www.padyapankaj.teachersofbihar.org